**प्रेस नोट**

**दिनांक 06.03.2026**

# जुम्मा की नमाज़ के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल गश्त, नमाज़ सकुशल सम्पन्न ।

आज दिनांक 06.03.2026 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा जुम्मा की नमाज़ के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई। इस दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा मौदहा के संवेदनशील स्थानों, मस्जिदों एवं आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे तथा क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखी गई।